PASS EXAM YEAR

# UP-RO-ARO EXAM TEST SERIES -2024

## सफलता के लिए अंतिम प्रहार

# HINDI TEST SERIES -12


Join Test Series

7376789729

डेमो टेस्ट सीरीज़ प्राप्त करने के लिए
दिए गए नम्बर पर Join Test Series लिख कर WhatsApp करें

**1. 'वे सुन्दर लड़कियाँ हैं' वाक्य में विकारी विशेषण है-**

(a) सुन्दर (b) लड़कियाँ

(c) वे (d) हैं

**व्याख्या (c)** दिए गए प्रश्न में 'वे अच्छी लड़कियाँ हैं' वाक्य में विकारी विशेषण 'वे' है। जो विशेषण लिंग, वचन, कारक के अनुसार परिवर्तित हो जाते हैं, विकारी विशेषण कहलाते हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**2. इनमें से विशेषण शब्द नहीं है-**

(a) अकूत (b) अकर्ण

(c) अचार (d) अचंड

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'अचार' शब्द एक संज्ञा शब्द है, तथा शेष सभी विशेषण शब्द हैं, अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**3. इनमें से 'खेलना' शब्द से बना विशेषण है-**

(a) दयालु (b) कृपालु

(c) खिलाड़ी (d) धार्मिक

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'खेलना' क्रिया से बना विशेषण शब्द 'खिलाड़ी' है। यह एक भाववाचक संज्ञा भी है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**4. 'उसे मृत्यु दण्ड की सजा मिली' प्रस्तुत वाक्य की अशुद्धि स्पष्ट करें-**

(a) संस्कृत के शब्दों का प्रयोग हुआ है।

(b) विदेशी शब्द 'सजा' का प्रयोग हुआ है।

(c) दण्ड और सजा समानार्थी शब्दों का प्रयोग हुआ है।

(d) कोई अशुद्धि नहीं है ।

**व्याख्या (c)** - प्रस्तुत वाक्य में दण्ड और सजा समानार्थी शब्दों का प्रयोग हुआ है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**5. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य है-**

(a) गौतम ऋषि की पत्नी का नाम अहल्या था।

(b) इस कार्य में बहुत विलम्ब हो गया।

(c) रसगुल्ला बहुत स्वादिष्ठ है।

(d) एक गुलाब की माला खरीद लेना ।

**व्याख्या (d)** - विकल्प (d) का वाक्य अशुद्ध है, अन्य विकल्पों में शुद्ध वाक्य हैं। शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा- 'गुलाब की एक माला खरीद लेना।' इस वाक्य में 'एक गुलाब' का प्रयोग त्रुटिपूर्ण है, अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**6. निम्नलिखित में से एक वाक्य अशुद्ध है-**

(a) इस बात का स्पष्टीकरण करना आवश्यक है।

(b) प्याज तीखा होता है।

(c) आप इतनी देर में क्यों

(d) प्रत्येक श्रमिक को दो रुपये मिले आये?

**व्याख्या (a)** - तीन विकल्पों के वाक्य शुद्ध हैं, केवल विकल्प (a) में अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध वाक्य होगा- इस बात का स्पष्टीकरण आवश्यक है। विकल्प में 'करना' का प्रयोग अनुचित है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**7. निम्नलिखित में से एक वर्तनी शुद्ध है -**

(a) नुपूर (b) स्मर्ण

(c) कवयित्री (d) परिस्थिती

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'कवयित्री' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं, इनका शुद्ध रूप होगा- नूपुर, स्मरण, परिस्थिति। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**8. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-**

(a) परिच्छा (b) परीच्छा

(c) परीक्षा (d) परिक्षा

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'परीक्षा' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है ।

**9. इसमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है-**

(a) रचंइता (b) अनाधिकार

(c) चिन्ह (d) अनुकूल

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'अनुकूल' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं, इनका शुद्ध रूप होगा - रचयिता, चिह्न, अनधिकार अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**10. निम्नांकित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है-**

(a) मैं अनेकों बार विदेश गया।

(b) इस हीरे का मूल्य नापा नहीं जा सकता।

(c) बिना टिकट यात्रा दण्डनीय है ।

(d) आप केवल इतना ही काम कर दीजिए।

**व्याख्या (d)** - दिए गए वाक्यों में 'आप केवल इतना ही काम कर दीजिए' वाक्य शुद्ध है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध इनका शुद्ध रूप होगा- 'मैं अनेक बार विदेश गया', 'इस हीरे का मूल्य आंका नहीं जा सकता', 'बिना टिकट यात्रा करना एक दण्डनीय अपराध है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**11. 'आवर्तक' का विपरीतार्थक शब्द है-**

(a) प्रवर्तक (b) अनावर्तक

(c) आवृत (d) प्रकर्षक

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'आवर्तक' का विलोम 'अनावर्तक' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**12. 'गौरव' का विपरीतार्थक शब्द हैं-**

(a) वैभव (b) लाघव

(c) पराभव (d) निर्मोक

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'गौरव' का विलोम 'लाघव' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**13. विलोमार्थक दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है-**

(a) सचल - चल

(b) निरपेक्ष - सापेक्ष

(c) मौलिक - अनूदित

(d) बंधन - मोक्ष

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (a) गलत है, इसका शुद्ध रूप 'सचल-अचल' होगा। शेष विकल्प सही हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**14. 'उपत्यका' का विलोम शब्द है-**

(a) अनुत्यका (b) अधित्यका

(c) उचत्यका (d) अपत्यका

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'उपत्यका' का विलोम 'अधित्यका' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**15. निम्नलिखित में 'अनघ' का विलोम है-**

(a) निरघ (b) निष्पाप

(c) कृती (d) अघ

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'अनघ' का विलोम 'अघ' होगा। 'अनघ' का अर्थ 'पवित्र' तथा 'अघ' का अर्थ 'अपवित्र' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है ।

**16. 'नैसर्गिक' का विपरीतार्थक शब्द है-**

(a) अनुर्वर (b) आविर्भाव
(c) प्राकृत (d) कृत्रिम

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'नैसर्गिक' का विलोम 'कृत्रिम' होगा। 'नैसर्गिक' का अर्थ 'प्राकृत्रिक' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**17. 'स्तब्ध' के लिए सही विलोम है।**

(a) अनस्तब्ध (b) प्रारब्ध
(c) अस्तब्ध (d) लब्ध

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'स्तब्ध' का विलोम 'अस्तब्ध' होगा। तथा 'लब्ध' शब्द का विलोम 'प्रदत्त' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**18. 'उत्तरायण' का विलोम हैं-**

(a) पलायन (b) विस्थापन
(c) ईशान (d) दक्षिणायन

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'उत्तरायण' का विलोम 'दक्षिणायन' होगा तथा 'विस्थापन' का विलोम 'संस्थापन', 'ईशान' का विलोम 'नैऋत्य' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**19. आठ बड़े चोर पकड़े गए थे, पुलिस की लापरवाही से आधे चोर भाग गए।' वाक्य में किन शब्दों में विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध नहीं है?**

(a) बड़े चोर
(b) आधे चोर
(c) पुलिस की लापरवाही
(d) आठ बड़े चोर

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (c) में विशेषण- विशेष्य का सम्बन्ध नहीं है। पुलिस एवं लापरवाही दोनों शब्द विशेष्य हैं। शेष तीनों विकल्पों में विशेषण- विशेष्य हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**20. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा विशेषण है-**

(a) क्रोधी (b) कंटक
(c) चुनौती (d) राही

**व्याख्या (a)** दिए गए प्रश्न में 'क्रोधी' शब्द विशेषण है, जो 'क्रोध' भाववाचक संज्ञा से बना है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**21. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है-**

(a) प्रतिदर्श (b) दृष्टा
(c) रचइता (d) अहार

**व्याख्या (a) -** दिए गए प्रश्न में 'प्रतिदर्श' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं, इनका शुद्ध रूप होगा- द्रष्टा, रचयिता तथा आहार। अतः इस प्रश्न का उत्तर **(a)** होगा।

**22. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है -**

(a) भारत कभी ब्रिटेन के आधीन था।
(b) निरापराध व्यक्ति को दण्ड नहीं मिलना चाहिए।
(c) बादशाह ने मुक्तहस्त दान दिया।
(d) उसे पैत्रिक संपत्ति में हिस्सा नहीं मिला।

**व्याख्या (c)** - विकल्प (c) का वाक्य शुद्ध है। अन्य विकल्पों में वर्तनी की त्रुटियाँ हैं। विकल्प (a) में 'आधीन' के स्थान पर 'अधीन', विकल्प (b) में 'निरापराध' के स्थान पर 'निरपराध' तथा विकल्प (d) में 'पैत्रिक' के स्थान पर 'पैतृक' होना चाहिए। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**23. निम्नलिखित में से एक शब्द विशेषण नहीं है-**

(a) अकूत (c) अकर्ण
(b) अचार (d) अचंड

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'अचार' शब्द एक संज्ञा शब्द है, तथा शेष सभी विशेषण शब्द हैं, अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**24. एक विशेषण शब्द नहीं है-**

(a) लजीला (b) लाडला
(c) लांछन (d) लापता

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में लजीला, लाडला तथा लापता विशेषण हैं, जबकि 'लांछन 'संज्ञा शब्द है, इसका विशेषण लांछित होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**25. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?**

(a) याज्ञवल्क (b) सदृश
(c) हस्तक्षेप (d) गृहिणी

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'याज्ञवल्क' अशुद्ध वर्तनी है, इसकी शुद्ध वर्तनी है - याज्ञवल्क्य शेष विकल्प सही हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**26. इनमें से विलोम शब्दों का एक सही युग्म है-**

(a) आपत्ति - विपत्ति
(b) अवर्षण - अनावर्षण
(c) गणतन्त्र - जनतन्त्र
(d) आदृत - तिरस्कृत

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (d) सही है, शेष विकल्प गलत हैं, इनका शुद्ध रूप 'आपत्ति संपत्ति, गणतन्त्र-राजतन्त्र, आवर्षण - अनावर्षण होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**27. 'युद्ध देखकर अशोक का कठोर हृदय मोम जैसा पिघल गया' वाक्य में विशेष्य है-**

(a) कठोर (b) अशोक
(c) हृदय (d) मोम

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न के वाक्य में 'हृदय' विशेष्य है, जिसका विशेषण 'कठोर' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**28. 'विशिख' किस शब्द का पर्यायवाची है?**

(a) बुध (b) बाण
(c) तरु (d) सरोवर

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में विशिख, तोमर, नाराच, शर, इषु, सायक, तीर आदि 'बाण' के पर्यायवाची हैं। 'तरु' वृक्ष का तथा 'सरोवर' तालाब का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**29. निम्नलिखित विकल्पों में से 'चंचरीक' शब्द का पर्यायवाची चुनिए-**

(a) हवा (b) भ्रमर
(c) मित्र (d) पुत्र

**व्याख्या (b)** - व्याख्या दिए गए प्रश्न में 'चंचरीक' का पर्यायवाची 'भ्रमर' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**30. कौन-सा शब्द 'घोड़ा' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) बाजि (b) तुरंग
(c) शार्दूल (d) हय

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'घोड़ा' का पर्यायवाची बाजि, तुरंग, हय, घोटक, अश्व, रविसुत, सैंधव है। शार्दूल, सिंह का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**31. निम्नलिखित में से 'खड़िकी' का पर्यायवाची है-**

(a) वातायन (b) बारी
(c) दरीचा (d) उपर्युक्त सभी

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'खिड़की' का पर्यायवाची वातायन, बारी तथा दरीचा तीनों होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**32. निम्नलिखित में 'यमुना' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-**

(a) हंससुता (b) अर्कजा
(c) कृष्णा (d) कूलंकषा

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में हंससुता, अर्कजा, कृष्णा, सूर्य, तनया 1 'यमुना' के पर्यायवाची हैं, जबकि कूलंकषा नदी का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**33. 'हिरण्यगर्भ' का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) विष्णु (b) ब्रह्मा
(c) महेश (d) गणेश

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'हिरण्यगर्भ' ब्रह्मा का पर्यायवाची है। ब्रह्मा के अन्य पर्यायवाची हैं- प्रजापति, लोकेश, विधाता, विधि, कमलासन, पितामह, अज, गिरापति इत्यादि। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**34. निम्नलिखित में कौन 'तत्सम' शब्दों की जोड़ी नहीं है ?**

(a) कर्म-विद्या (b) दधि-भात
(c) मत्स्य - मृग (d) ज्ञान क्षेत्र

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'दधि' तत्सम है, जबकि 'भात' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'भक्त' होता है। इसलिए विकल्प (b) 'तत्सम' शब्दों की जोड़ी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**35. 'कर्पूर' का तद्भव रूप है-**

(a) कपूर (b) कपड़ा
(c) कर्कट (d) खप्पर

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'कपूर', 'कपड़ा' तथा 'खप्पर' तद्भव शब्द हैं। इनके तत्सम क्रमशः 'कर्पूर', 'कर्पट' तथा 'खर्पर' हैं 'कर्कट' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव 'केकड़ा' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**36. 'व्योम' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-**

(a) अन्तरिक्ष (b) अम्बर
(c) पीयूष (d) नभ

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'व्योम' का पर्यायवाची अन्तरिक्ष, अम्बर, नभ हैं। तथा 'पीयूष, अमृत का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**37. पर्यायवाची की दृष्टि से वर्ग शुद्ध है-**

(a) इन्द्र, रतीश, सहस्त्राक्ष, मघवा
(b) घर, निकेतन, आयतन, निलय
(c) यमुना, कालिन्दी, भानुतनया, जाह्नवी टिंग
(d) वस्त्र, पाटक, अम्बर, चीर

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (b) पर्यायवाची की दृष्टि से शुद्ध वर्ग है। यह वर्ग 'गृह' के पर्यायवाची के रूप में प्रदर्शित है। गृह के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- गेह, धाम, भवन, निकेतन, मकान, सदन, आगार, आलय, आवास, ओक आदि विकल्प (a) में 'रतीश' का अर्थ 'कामदेव' है, जबकि अन्य देवेश के पर्यायवाची हैं। विकल्प (c) में 'जाह्नवी' गंगा का पर्यायवाची है,। जबकि अन्य पर्यायवाची 'यमुना' के हैं। विकल्प (d) में 'पाटक' का अर्थ 'भेदक' है, जबकि अन्य 'वस्त्र' के पर्यायवाची हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**38. कौन-सा शब्द 'दास' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) अनुचर (b) परिसर
(c) भृत्य (d) सेवक

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में अनुचर, भृत्य, सेवक तथा परिचारक 'दास' के पर्यायवाची शब्द हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**39. पर्यायवाची की दृष्टि से एक वर्ग शुद्ध है-**

(a) सिंह, पंचानन, नाहर, मृगारि
(b) सूर्य, रवि, दिनकर, तरणी
(c) अग्नि, पावक, अनल, पिशुन
(d) महेश, रमेश, भूतेश, सतीश

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (a) का वर्ग पर्यायवाची की दृष्टि से शुद्ध वर्ग है। यह वर्ग शेर का पर्यायवाची है। विकल्प(b) में प्रस्तुत 'तरणी' का अर्थ 'नौका' है, जबकि शेष शब्द 'भानु' के पर्यायवाची हैं। विकल्प (c) में 'पिशुन' का अर्थ 'चुगलखोर' होता है, जबकि शेष 'आग' के पर्यायवाची हैं। इसी प्रकार विकल्प (d) में प्रस्तुत 'रमेश' का अर्थ 'विष्णु' है, जबकि अन्य शब्द 'शिव' के पर्यायवाची हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**40. अपरिमेय' किस वाक्यांश के लिए एक शब्द है ?**

(a) जो तौला या नापा न जा सके।
(b) जो अवश्य होने वाला हो।
(c) जो प्रमाण से सिद्ध न हो सके।
(d) जो समय पर संभव न हो।

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'जो नापा या तौला न जा सके' लिए एक शब्द 'अपरिमेय' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**41. तत्सम और उसके तद्भव रूप की दृष्टि से नीचे लिखे विकल्पों में कौन-सा विकल्प गलत है?**

(a) आर्द्रक - गीला
(b) आदित्यवार - इतवार
(c) उद्गलन - उगलना
(d) उद्घाटन - उघाड़ना

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'आर्द्रक का तद्भव अदरक' होता है। शेष सभी विकल्प शुद्ध हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**42. 'आवाँ' का तत्सम रूप होगा-**

(a) आग (b) अग्नि
(c) आव (d) आपाक

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'आवाँ' का तत्सम रूप 'आपाक' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**43. 'अपना मंतव्य साधने वाला' के लिए एक शब्द है-**

(a) परमार्थी (b) धर्मार्थी
(c) स्वार्थी (d) सत्यार्थी

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'अपना मंतव्य साधने वाला' के लिए एक शब्द 'स्वार्थी' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**44. 'जिसकी पहले से कोई आशा न हो' के लिए एक शब्द हैं-**

(a) अप्रत्याशित (b) आशातीत
(c) आशाजनक (d) प्रत्याशित

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'जिसकी पहले से कोई आशा न हो' के लिए एक शब्द 'अप्रत्याशित' है। 'जो आशा से अधिक हो' उसे

'आशातीत', 'ऐसी बात जिससे कार्य पूर्ण होने की उम्मीद जगे' उसे 'आशाजनक' तथा 'जिसकी पहले से कोई आशा हो' उसे 'प्रत्याशित' कहते हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**45. 'राज्य द्वारा निकाला गया आधिकारिक आदेश' वाक्यांश के इ लिए एक शब्द है-**

(a) अधिनियम (b) अध्यादेश
(c) अधियाचना (d) अधिसूचना

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'राज्य द्वारा निकाला गया आधिकारिक आदेश' वाक्यांश के लिए शब्द 'अध्यादेश' है। 'शासन द्वारा जारी किया गया कानून' 'अधिनियम' तथा 'वह आधिकारिक सूचना जो राज-पत्र में प्रकाशित हुई हो 'अधिसूचना' कहलाती है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'जिसका निवारण अत्यन्त कष्ट से किया जा सके' के लिए एक शब्द 'दुर्निवार' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**46. 'कान के नीचे लटकता हुआ कोमल भाग' के लिए एक शब्द है-**

(a) कर्णफूल (b) कर्णाभरण
(c) कर्णपाली (d) कर्ण

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'कान से नीचे लटकता हुआ कोमल भाग' कर्णपाली कहलाता है। 'कर्णपफूल' कान में पहनने वाला एक आभूषण होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**47. 'बारात' का तत्सम रूप है-**

(a) वर्तत (b) बरात
(c) ब्रात (d) वरयात्रा

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'बारात' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'वरयात्रा' होता है। शेष विकल्प गलत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**48. 'जो पान करने योग्य नहीं है' के लिए एक शब्द है-**

(a) अपथ्य (b) अभक्ष्य
(c) अगम्य (d) अपेय

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'जो पान करने योग्य नहीं है' के लिए एक शब्द 'अपेय' है। 'जो भक्षण (खाना) करने योग्य न हो' वह 'अभक्ष्य', 'जहाँ कोई जा न सके' अगम्य तथा 'जो बुरा या अहितकर है' 'अपथ्य' कहलाता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर(d) है।

**49. इनमें से तत्सम तद्भव का शुद्ध युग्म है-**

(a) श्रेष्ठ - सेठ
(b) अरहट्ट - रहट
(c) कंकती - कंघी
(d) मिष्ट - मीठा

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'मिष्ट-मीठा' शुद्ध युग्म है। श्रेष्ठी का तद्भव सेठ, अरघट्ट का तद्भव रहट, कंकति का तद्भव कंघी होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**50. निम्नलिखित में 'तद्भव शब्द है-**

(a) भांडार (b) कुक्कुर
(c) कटुक (d) मयंद

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'भंडार' एक तद्भव है, इसका तत्सम शब्द 'भांडागार' होगा। तथा 'कुक्कुर का तद्भव कुत्ता', 'मयंद' राम की सेना के एक वानर का नाम है, 'कटुक का तद्भव रूप व' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**51. इनमें से तत्सम तद्भव का एक शब्द युग्म अशुद्ध है, वह है-**

(a) इच्छिका - छाछ (b) ईख - इक्षु
(c) उद्वर्तन - उबटन (d) गोमय - गोबर

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'छच्छिका का तद्भव रूप छाछ' होता है, शेष सभी विकल्प शुद्ध हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a)है।

**52. निम्नलिखित में तत्सम तद्भव का गलत युग्म है-**

(a) सुघट्ट - सुघड़
(b) ज्ञातिगृह - नैहर
(c) पण्यशालिक - पनसारी
(d) प्रतिवाशी - मवेशी

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'प्रतिवाशी का तद्भव रूप पड़ोसी'। होता है, शेष सभी विकल्प शुद्ध हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**53. निम्नलिखित में से तत्सम की दृष्टि से शुद्ध है-**

(a) शाटिका (b) रस्सी
(c) रैन (d) सरसों

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'शाटिका' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'साड़ी' है। रस्सी, रैन तथा सरसों तद्भव शब्द हैं, इनका तत्सम क्रमशः रज्जु, रजनी तथा सर्षप हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**54. 'पृथक' का सही विलोम है-**

(a) एकत्र (b) संयुक्त
(c) थकित (d) सुघटित

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'पृथक' का विलोम 'संयुक्त' है। शेषा विकल्प असंगत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**55. निम्नलिखित में विशेष्य शब्द है-**

(a) विपन्न (b) वादी
(c) विशिष्ट (d) मानस

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'विपन्न' (बिल) शब्द एक विशेष्य। (संज्ञा) शब्द है, तथा शेष सभी विशेषण शब्द है, अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**56. 'प्रताप सिंह का घोड़ा काला है।' इनमें 'काला' शब्द विशेषण की दृष्टि से है-**

(a) सार्वनामिक (b) क्रमबोधक
(c) विधेय विशेषण (d) विशेष्य विशेषण

**व्याख्या (c)** - स्थान के आधार पर विशेषण दो प्रकार के होते हैं- उद्देश्य विशेषण और विधेय विशेषण। जो विशेषण अपने विशेष्य से पहले आते हैं, उन्हें उद्देश्य विशेषण कहते हैं। तथा जो विशेषण अपने विशेष्य के बाद में आते हैं, उन्हें विधेय विशेषण कहते हैं। यहाँ 'काला' शब्द 'घोड़ा' शब्द के बाद आया है, तो यह एक विधेय विशेषण है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**57. 'पैर से सिर तक' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) शिख-नख (b) शिरोपर
(c) पादमस्तक (d) आपादमस्तक

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'पैर से सिर तक' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'आपादमस्तक' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**58. 'अनुचित बात के लिए आग्रह करने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) दुराग्रह (b) अनाग्रही
(c) दुराग्रही (d) कुआग्रही

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'अनुचित बात के लिए आग्रह करने वाला', 'दुराग्रही' कहलाता है। तथा 'अनुचित बात के लिए अड़ना' 'दुराग्रह' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**59. 'जिसका निवारण अत्यन्त कष्ट से किया जा सके' के लिए एक शब्द है-**

(a) अनिवार (b) निर्निवार

(c) दुर्निवार (d) कुनिवार

**60. 'जो तौला जा सके' के लिए एक शब्द होगा-**

(a) अपरिमेय (b) अनुमेय

(c) परिमेय (d) विनिमय

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'जो तौला जा सके' के लिए एक शब्द 'परिमेय' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

PEY